

**निष्क्रियता** ट्रांसफॉर्मरों के नीचे फेंक रहे कचरा, भयभीत कर रहा जमा ढेर, धरातल पर नजर आ रही सफाई अमले की निष्क्रियता

# कहीं ये चूक न बन जाए हादसे की बड़ी वजह...



करमचंद चौक से कुछ दूरी पर स्थित हितकारिणी कॉलेज के पास ट्रांसफार्मर के नीचे का हाल।



अंजुमन स्कूल के सामने ट्रांसफार्मर के नीचे का हाल।

**नवभारत,जबलपुर।** कहीं ये बड़ी चूक किसी बड़ी अनहोनी की वजह न बन जाए... ये बातें अब शहर के जागरूक लोगों के बीच होने लगीं हैं। वजह...विद्युत ट्रांसफॉर्मरों के नीचे पड़ा कचरे का ढ़ेर और जिम्मेदारों की अनदेखी। करमचंद चौक स्थित अंजुमन स्कूल के सामने मौजूद ट्रांसफॉर्मर और हितकारिणी कॉलेज के पास ट्रांसफॉर्मर के नीचे पड़े कचरे के ढेर की जो ताजी तस्वीरें सामने आईं हैं उससे तो साफ है कि नगर निगम का धरातल पर सफाई करने की जिम्मेदारी लेने वाला सफाई अमला हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुआ है उधर निगमायुक्त, महापौर द्वारा लगातार बैठकें लेकर संबंधितों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं कि शहर में सफाई का ध्यान विशेष तौर पर रखा जाए लेकिन मौजूदा हालात तो बयां कर रहे हैं उससे सफाई अमले की धरातल पर निष्क्रियता स्पष्ट नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार अभी तो सिर्फ दो जगहों की ही ऐसी तस्वीरें सामने आईं हैं लेकिन शहर के कई और इलाकों में ट्रांसफॉर्मरों के नीचे कचरे के ढेर देखे जा चुके हैं जो कि महीनों महीनों तक वहीं पड़े रहते हैं।

### व्यापारी-दुकानदार खुद कर रहे लापरवाही

ऐसे में सवाल ये भी खड़े हो रहे हैं जो स्थानीय व्यापारी और दुकानदार अपनी अपनी दुकानों से निकालकर कचरा विद्युत ट्रांसफॉर्मर के नीचे फेंक रहे हैं उन्हें खुद अपने साथ लोगों की कोई चिंता नहीं हैं। खतरा ये आए दिन मंडरा रहा है कि ट्रांसफॉर्मर के नीचे पड़े कचरे के ढेर में आग की चिंगारी कहीं भड़क न उठे। जागरूक लोगों की मांग है कि नगर निगम के सफाई अमले को शहर के हर ट्रांसफॉर्मर के नीचे पड़े कचरे के ढेर को जल्द से जल्द हटाना चाहिए। उधर लोग अब नगर निगम के स्वच्छता एप में शिकायत करते भी नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जो दुकानदार या व्यापारी कचरा खुले में फेंक रहे हैं उन्हें चिह्नित करते हुए निगम के अधिकारियों द्वारा ऐसे सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और अब कार्रवाई की दरकार नजर आने लगी है।

## यूट्यूब से मिला सौदागर का नंबर, अजमेर से जबलपुर पहुंची खेप

**चाकुओं की खरीद-फरोख्त करने वाले आधा दर्जन गिरफ्तार, 49 चाकू जब्त**



**नवभारत,जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं रांझी, पनागर पुलिस ने अवैध हथियारों के आधा दर्जन सौदागरों को दबोचा है। जिनके कब्जे से 49 चायना चाकू जब्त किए गए है। पूछताछ में यह बात सामने आई कि चाकू अजमेर से आए थे। सप्लायर का नंबर यूट्यूट पर मिला था। क्राइम ब्रांच एएसपी जितेन्द्र सिंह ने कार्रवाईयों का खुलासा किया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि अधारताल थाना अंतर्गत एसबीआई बैंक के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभिषेक उर्फ छिंगा पटैल पिता राजेश पटेल 22 वर्ष निवासी वेलकम कॉलोनी महाराजपुर अधारताल को दबोचा तलाशी लेने पर प्लास्टिक के थैले में 38 चाईना चाकू रखे मिला। उक्त चाकू के संबंध में पूछताछ करने पर यू ट्यूब के माध्यम से अजमेर के एक भाईजान का मोबाइल नम्बर मिलने पर मोबाइल से सम्पर्क कर बात कर अजमेर रेल्वे स्टेशन जाकर 60 चाकू खरीदकर लाना बताया तथा अपने परिचितों को कुछ चाकू देना बताया। आरोपी के कब्जे से 38 नग चाकू जप्त किये गये। इसी प्रकार अधारताल में पचमठा रोड में अभिषेक कोल पिता मल्लू कोल 22 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती महाराजपुर को 6 चाईना चाकू के साथ तथा पेट्रोल पम्प के पीछे अधारताल में आरोपी आकाश उर्फ काला सिंह पिता कमल सिंह 21 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती महाराजपुर को 2 चाईना चाकू के साथ पकड़ा गया। इसी प्रकार गांधी मैदान रांझी में पुलिस ने टीम ने दबिश देते हुये आरोपी साहिल केवट पिता बब्लू केवट 19 वर्ष निवासी सरस्वती स्कूल के पीछे मड़ई रांझी को 1 चाईना चाकू के साथ एवं जूनियर क्लब के सामने व्हीएफजे रांझी में दबिश देते हुये आरोपी गगन रैकवार पिता मोहन रैकवार 25 वर्ष निवासी मस्जिद के पीछे मड़ई रांझी को 1 चाईना चाकू के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना रांझी में पृथक-पृथक धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पनागर में फूटाताल रोड सरकारी कॉलेज के पास दबिश देते हुये आरोपी मुन्ना उर्फ साहिल बर्मन पिता राजू बर्मन 18 वर्ष निवासी मौलानवार्ड पनागर को 1 चाईना चाकू के साथ पकड़ा गया। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव, अपराध डीएसपी शैलेष मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

#### जहर खाने से महिला की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कठौंदा निवासी एक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे इ लाज के लिए आनन-फानन में गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को गौरीशंकर कुशवाहा 32 वर्ष निवासी कठौंदा माढ़ोताल ने सूचना दी कि 17 जुलाई को उसकी पत्नी श्रीमति नीलू कुशवाहा ने सुबह लगभग 8 बजे जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था पत्नी को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज लेकर गये थे। 18 जुलाई को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रविवार सुबह लगभग 11-10 बजे पत्नी नीलू कुशवाहा 29 वर्ष की मौत हो गई।

#### युवक ने की खुदकुशी

**जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत खागामऊ में रह ने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार को विशेष कुमार दाहिया 70 वर्ष निवासी खागामऊ ने सूचना दी कि पड़ोसी अशोक लोधी के पुत्र आकाश लोधी 19 वर्ष ने घर में दूसरी मंजिल में बने कमरे में कुंदे में लायलोन की रस्सी से फांसी लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

#### मछली मार्केट में चाकूबाजी, युवक घायल

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत मछली मार्केट में बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रहलाद लुनिया 22 वर्ष निवासी लुहारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि शाम 7-30 बजे मछली मार्केट में मछली खरीदने गया था जहां पहचान के रामदयाल नुनिया, शशि नुनिया, हरि, सुनील नुनिया मिले जो उसका रास्ता रोक लिये बोले 15 जुलाई को अमन चौहान के यहां काम किया था जिसके पैसे मुझे कम मिले है जिससे कहा कि मुझे नहीं पता इसी बात पर सभी विवाद करने लगे, रामदयाल, शशि एवं सुनील ने हाथ मुक्को से मारपीट की एवं हरि न चाकू से हमला कर हाथ में चोट पहुंचा दी।

#### नाति ने नाना की जेब से पार कर दी नगदी

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चंदवा में नाति ने नाना की जेब से नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन सिंह लोधी 72 वर्ष निवासी चंदवा का शाम लगभग 4 बजे भैस लगा कर कमरे के पास बाल्टी लेकर जा रहा था तभी देखा कि नाति राजा कमरे में से बाहर निकल रहा था नातिन का मोबाईल लिये थे उसी से किसी से बात किया और कुछ देर बाद एक लडका मोटर सायकिल से आया उसी की मोटर सायकिल में पीछे बैठकर कही चला गया, अर्जुन ने कमरे में जाकर चैक किया तो उसके पैजामे की जेब में रखे 5200 रूपये नही थे उसे पूरी तरह संदेह है कि उसके पैजामे के जेब में इलाज के लिये रखे 5200 रूपये उसके नाति राजा चोरी कर ले गया है, राजा की तलाश आस पास किया जो नही मिला।

## जीआरपी ने लगाए जागरूकता पोस्टर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज थाना जीआरपी जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास संचालित ऑटो चालकों के बीच विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑटो चालकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, यात्रियों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ऑटो चालकों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु ऑटो रिक्शाओं पर नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के जागरूकता पोस्टर चस्पा किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँच सके। पुलिस अधिकारियों ने ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में सहयोग दें।

### दिया नशा मुक्ति का संदेश

कार्यक्रम में थाना जीआरपी जबलपुर के प्रधान आरक्षक रामनिवास ओझा, प्रधान आरक्षक शकील, प्रधान आरक्षक वीरान महेबिया, प्रधान आरक्षक कौशल तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील यादव एवं महिला आरक्षक मनीषा उपस्थित रहे। सभी पुलिसकर्मियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए ऑटो चालकों से संवाद कर उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया।

## उड़ीसा से आई गांजे की खेप पकड़ाई, 8 किलो 765 ग्राम गांजा जब्त



**नवभारत,जबलपुर।** क्राइम ब्रांच, सिविल लाइन, गोसलपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में उड़ीसा से आई गांजे की खेप पकड़ी गई है। इसके साथ ही मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में 2 महिलाओं समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 8 किलो 765 ग्राम गांजा कीमती लगभग साढे चार लाख रूपये, 2 मोबाईल एवं नगद 11 हजार 840 रूपये जप्त किए गए।

सिविल लाईन थाना प्रभारी स्वप्निल दास ने बताया कि रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म न. 1 पार्सल आफिस के पास घेराबंदी कर नंदनी गढवाल 37 वर्ष निवासी प्रेमसागर हनुमानताल एवं महेन्द्र भट्ट 27 वर्ष निवासी प्रेम सागर झण्डा चौक हनुमानताल को दबोचा गया। हैण्ड बैग, पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर कुल 5 किलो 700 ग्राम गांजा होना पाया गया। जिनसे गांजा के सम्बंध में पूछताछ करने पर दिलीप चौधरी निवासी सिंधी कैंप हनुमानताल के द्वारा मंगाना बताया जिसके बदले में हमें नगद 10 हजार रूपये एडवांस में मिले थे। इसी प्रकार गोसलपुर थाना प्रभारी गातिवति पुसाम ने बताया कि क्राईम ब्रांच एवं गोसलपुर की संयुक्त टीम ने एनएच 30 हाईवे स्थित गोसलपुर में यात्री प्रतीक्षालय में दबिश देकर कहकशा बानो 21 वर्ष निवासी बुढागर गोसलपुर को दबोचा। पूछताछ करने पर बताया कि नंदनी गढवाल एवं महेश भट्ट दोनों अधारताल में मिले थे जिनके कहने पर उनके साथ उडीसा राज्य के झाड सुकडा में गयी थी जहॉ से नंदनी एवं महेश ने दो पैकिट गांजा के दिये थे और बोले कि तुम्हे 3 हजार रूपये देंगे, जिनके साथ ट्रेन से वापस आयी और वह गोसलपुर रेल्वे स्टेशन में उतरकर यात्री प्रतीक्षालय मे रूक कर अपने पति शिवम साहू का इंतजार कर रही थी। कुल 3 किलो 65 ग्राम गांजा रखा मिला।

## टिकट चेकिंग से पश्चिम मध्य रेल ने कमाए 44 .20 करोड़ रुपये

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन माह में टिकट जांच अभियानों के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट और अनबुक्ड लगेज के कुल 5.59 लाख मामले पकड़कर अतिरिक्त किराया एवं जुर्माने के रूप में 44 करोड़ 20 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। यह राशि पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 40 करोड़ 71 लाख रुपये की तुलना में 8.57 प्रतिशत अधिक है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मंडलों एवं मुख्यालय स्तर पर समय-समय पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए। प्रदर्शन की बात करें तो जबलपुर मंडल ने 2.54 लाख मामलों से सर्वाधिक 21.78 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जबकि भोपाल मंडल ने 1.88 लाख मामलों से 13.75 करोड़ रुपये और कोटा मंडल ने 1.07 लाख मामलों से 8.04 करोड़ रुपये की वसूली की। वहीं मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड ने 10 हजार मामलों में कार्रवाई कर 63 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

## मानसून में रेलवे अलर्ट, यात्रियों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे निगरानी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने मानसून के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। सिविल इंजीनियरिंग विभाग आधुनिक तकनीक और सतत निगरानी के माध्यम से संवेदनशील रेलखंडों, पुलों, कटिंग, तटबंधों और लो-लेवल सबवे पर विशेष नजर रख रहा है। भारी बारिश के दौरान मॉनसून पेट्रोलमैन और स्टेशनरी वॉचमैन नियमित निरीक्षण कर संभावित खतरों की तत्काल सूचना दे रहे हैं, जबकि उनकी गश्त पर जीपीएस आधारित प्रणाली से निगरानी रखी जा रही है। रेल मंडल ने इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा विद्युत विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया है। साथ ही भारत मौसम विज्ञान विभाग, बरगी बांध प्रबंधन और जिला प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखते हुए मौसम संबंधी हर अलर्ट पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। महत्वपूर्ण पुलों पर वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम तथा चुनिंदा स्टेशनों पर तेज हवा की गति मापने के लिए एनीमोमीटर जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

सुरक्षित रेल यात्रा उपलब्ध हो

वर्षा जल की निकासी के लिए ड्रेनों और जलमार्गों की व्यापक सफाई एवं गाद निकासी कराई गई है, जबकि रणनीतिक स्थानों पर गिट्टी, बड़े पत्थर, रेत की बोरियां, रेल और स्लीपर जैसी आवश्यक सामग्री पहले से उपलब्ध कराई गई है। मानसून अवधि में इंजीनियरिंग अधिकारी और अनुरक्षण दल चौबीसों घंटे रेल पथ की निगरानी कर रहे हैं, ताकि मौसम जनित चुनौतियों के बावजूद यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद रेल यात्रा उपलब्ध कराई जा सके।



## सांसद सुमित्रा बाल्मीक की पहल से अयोध्या-काशी रवाना हुआ तीर्थयात्रियों का दल

**महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को रामलला व बाबा विश्वनाथ के दर्शन का मिलेगा अवसर**

**नवभारत,जबलपुर।** आस्था और सेवा के भाव को साकार करते हुए राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक के विशेष सहयोग से रविवार को जबलपुर से महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का एक तीर्थयात्री दल अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए ट्रेन से रवाना हुआ। दल अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तथा काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करेगा।रवाना होने से पूर्व तीर्थयात्रियों ने सांसद सुमित्रा बाल्मीक से भेंट कर इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

तीर्थयात्रा में शामिल महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने कहा की सांसद के सहयोग से उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने इसे अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा की अयोध्या में रामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन की उनकी वर्षों पुरानी इच्छा अब पूरी होने जा रही है। इस दौरान स्टेशन परिसर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा यात्रा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं। उपस्थित लोगों ने सांसद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा, संस्कार और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं को आध्यात्मिक यात्रा का अवसर प्रदान करते हैं। सांसद ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की भारतीय संस्कृति में तीर्थयात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

## जिले में पुलिस की पांच घंटे कॉम्बिंग गश्त : 210 वारंटी पकड़ाए



**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पांच घंटे कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 114 गैर म्यादी वारिटयों एवं 64 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 32 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर 34 लीटर कच्ची, 32 पाव देशी, अंग्रेजी शराब जप्त की गयी है। कॉम्बिंग गश्त पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनिवाल, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## मंदिर में पति का हंगामा, पत्नी को पीटा, धमकाया

**कुटुम्ब न्यायालय में लगाये गए केस को वापस लेने बनाया दबाव**

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत भैरो बाबा मंदिर बाजनामठ दर्शन करने पहुंची महिला के साथ उसके पति ने विवाद शुरू कर दिया। हंगामा करते हुए कुटुम्ब न्यायालय में लगाये गए केस को वापिस लेने दबाव बनाया। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर में सोनम पटेल 30 वर्ष निवासी गंगासागर दुर्गा मंदिर के पास गढ़ा ने लिखित शिकायत की कि 25 अक्टूबर 24 को सौरभ स्वर्णकार से प्रेम विवाह हुआ था शादी के बाद से सौरभ उसके साथ में नहीं रखा जिस कारण वह अपने मायके में रहने लगी। 18 जुलाई की रात लगभग 9 बजे भैरो बाबा मंदिर बाजनामठ दर्शन करने के लिये आयी थी जहां पति सौरभ मिले और उसके द्वारा कुटुम्ब न्यायालय में लगाये गये केस को लेकर उसके साथ विवाद करते हुये केस वापस लेने के लिये कहने लगा, उसने पति से कहा कि उसे साथ में रखो इसी बात पर पति उसके विवाद करते हुये हाथ पकड़कर हाथ मुक्कों मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी।

### ई रिक्शा को लेकर पत्नी पर हमला

घमापुर थाने में अर्चना कोरी निवासी छोटेफुहारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर लगभग 3 बजे वह काम करके घर वापस आई उसके पति विशाल कोर उससे कहने लगे कि पुराने ई रिक्शा के कागज दे दो बेचना है, उसने कागज देने एवं ई रिक्शा बेचने से मना किया इसी बात पर पति ने डंडा से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी तथा पेट में लात मार दिया।

**परेशानी** नाले चोक होने से ओवरफ्लो, राहगीरों और दुकानदारों की बढ़ी मुश्किलें

## बारिश में उफनी नालियां, सड़कों पर बहा गंदा पानी



**नवभारत , जबलपुर।** शहर में हुई तेज बारिश के बाद कई इलाकों जैसे विक्टोरिया रोड में जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर गंदा पानी भरने से राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नाले और नालियां ओवरफ्लो होने से पानी सड़क पर बहता रहा, जिससे लोगों की आवाजाही भी गंदे पानी से गुज़रते हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या आज की नहीं है। यहां लंबे समय से नाले और नालियां चोक हो जाती हैं, जिसके कारण हर बारिश में गंदा पानी सड़क पर भर जाता है।

### पुरानी समस्या, हर बारिश में दोहराती परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि विक्टोरिया रोड क्षेत्र में नाले और नालियां लंबे समय से चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश होते ही नालों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल जाता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी होती है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल औपचारिक सफाई की जाती है, जबकि स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।